Worksheet-4 Subject: - Hindi Class: - III Teacher: - Mrs. Puja Sehgal

Name: ______________ Class & Sec: _______________ Roll No. ______ Date: ___.04.2020

संज्ञा

संज्ञा की परिभाषा → किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, प्राणी, या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।
संज्ञा का अर्थ है नाम।

संज्ञा के भेद

व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा

क) **व्यक्तिवाचक संज्ञा** → किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।
जैसे - पंकज, लाल किला, दिल्ली, गीता, गंगा, भारत आदि।
क) पंकज मेरा भाई है।
ख) लाल किला दिल्ली में है।
ग) गीता हिन्दुओं की पवित्र पुस्तक है।

ख) **जातिवाचक संज्ञा** → जो शब्द किसी जाति या वर्ग का बोध कराते हैं, उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।
जैसे - लड़का, घोड़ा, कुरसी, शहर, गाँव, पुस्तक, फल, नदी आदि।
क) घोड़ा तेज़ दौड़ता है।
ख) नदी बहती है।
ग) पेड़ हमें छाया देते हैं।

ग) **भाववाचक संज्ञा** → जिस शब्द से किसी के गुण-दोष, दशा, अवस्था का पता चले, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।
जैसे - अमीरी, गरीबी, बुढ़ापा, बचपन, ईमानदारी, चढ़ाई आदि।
क) बुढ़ापा बड़ा दुख देता है।
ख) पर्वत की चढ़ाई बड़ी कठिन है।
ग) फलों में मिठास होती है।

अभ्यास

1. नीचे दिए गए वाक्यों में संज्ञा शब्दों पर गोला लगाइए -

क) रीमा खाना खा रही है।

ख) मछली तालाब में तैर रही है।

ग) आम बहुत मीठे हैं।

घ) मेरा गाँव सुंदर और शांत है।

ङ) माँ घर पर है।

च) महात्मा गाँधी हमारे राष्ट्रपिता हैं।

2. नीचे दिए गए संज्ञा शब्दों को उनके भेद के अनुसार छाँटकर लिखिए -

दिल्ली, बंदर, प्यास, गंगा, पशु, बचपन, भारत, गरीबी, प्यार, सफलता, मेज, ताजमहल

	व्यक्तिवाचक संज्ञा	जातिवाचक संज्ञा	भाववाचक संज्ञा
क)	______	______	______
ख)	______	______	______
ग)	______	______	______
घ)	______	______	______